# पत्रिका

| Regional News Paper | Edition : Madhya Pradesh | Circulation: 131471 |
|---|---|---|
| दिनांक (Dated): 11.07.2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) -- | क्रम सं. (Serial No.) |

# सीआइएसएफ ने अमेरिका में स्पर्धा में जीते 64 पदक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**गाडरवारा.** अमेरिका के बर्किंघम में बीती 30 जून से छह जुलाई तक आयोजित किए गए विश्व पुलिस और अग्निशमन खेल-2025 में भारत के लिए एनटीपीसी गाडरवारा के केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) ने 64 पदक जीते। प्रतियोगिता में भारतीय दल 560 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। खेलों में 70 से अधिक देशों के 10 हजार से अधिक पुलिस और अग्निशमन सेवा कर्मियों ने खेलों में हिस्सा लिया।

सीआइएसएफ की ओर से हरियाणा के गुरजीत सिंह ने ऊंची कूद में स्वर्ण सहित पांच पदक जीते। एएसआइ रीनू ने पांच स्वर्ण सहित कुल छह पदक जीते। ऐसे ही कुश्ती में सीआइएसएफ के हरियाणा के पहलवानों ने सभी स्वर्ण पदक जीते। एनटीपीसी गाडरवारा सीआईएसएफ के उप कमांडेंट श्रेया कुमार पांडे ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दीं।



प्रतिभागी विजेता सीआइएसएफ के जवान।